**दिनांक–24.04.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं CGRC के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर, अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित) अंचल–मुजफ्फरपुर, मोतिहारी एवं दरभंगा, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित) प्रमंडल–मोतीपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर एवं ढाका तथा मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत संबंधित प्रमंडलों में कार्यों की गुणवत्ता की जाँच करने हेतु सभी सहायक अभियंता (मु0) के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

1. सर्वप्रथम मुख्यालय स्थित सहायक अभियंताओं (मु0) द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाए गए समस्याओं का विस्तृत रूप से समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान सहायक अभियंताओं (मु0) द्वारा मुख्य रूप से निम्न प्रकार की समस्याओं को चिन्हित किया गयाः–
   - पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है।
   - निजी जमीन होने के कारण पाईप लाईन बिछाने में विवाद होने के कारण जलापूर्ति बाधित है।
   - नाला निर्माण एवं विद्युत पोल न होने के कारण जलापूर्ति बाधित है।
   - सड़क चौड़ीकरण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है।
   - संवेदकों द्वारा धीमी गति से कार्य करने एवं कम संख्या में मानव बल रखने के कारण समस्याओं का निराकरण ससमय नहीं होना।
   - पंप ऑपरेटर का भुगतान लंबित होने के कारण, उनके द्वारा योजनाओं का संचालन नियमित रूप से नहीं किए जाने से जलापूर्ति बाधित।
   - कई संवेदकों/एजेंसी द्वारा O&M अवधि समाप्त होने के उपरांत कार्य नहीं किए जाने से जलापूर्ति बाधित।
   - नए बसावटों को छुटा टोला में नहीं लिए जाने के कारण वहां पर जलापूर्ति की समस्याओं का निराकरण किया जाना कठिन है।
   - कई योजनाओं में कम दबाव होने के कारण अंतिम छोर तक जलापूर्ति बाधित होना।
   - शिकायतकर्ता द्वारा एक से अधिक गृह जल संयोजन की मांग करना।
   - सड़क एवं बांध में संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र नहीं मिलने के कारण पाईपलाईन का कार्य बाधित है।

**2. CGRC:-**

❖ CGRC पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मोतीपुर, समस्तीपुर, ढाका एवं हाजीपुर में क्रमशः–63, 30, 91, 97, 18 एवं 26 मामले ऐसे पाए गए जिसमें पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान नहीं होने के कारण संबंधित योजनाओं में नियमित रूप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इस संबंध में संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया इस तरह के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला पदाधिकारी एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जलापूर्ति सुनिश्चित कराएंगे। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता उक्त का सतत् अनुपालन करना सुनिश्चित कराएंगे।

**अनुपालनः– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता /संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा अंतर्गत प्रखंड–बहेरी में 15 दिनों से अधिक 96 शिकायत लंबित पाया गया। इस संबंध में कनीय अभियंता, प्रशाखा–बहेरी के द्वारा बताया गया कि उक्त शिकायत पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान, लीकेज की समस्या एवं योजनाओं को छुटे हुए टोलों में नहीं लिए जाने के कारण लंबित है एवं कुल शिकायतों में से 106 शिकायतें एक ही वार्ड से प्राप्त हुई हैं, जहाँ पर पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। कनीय अभियंता द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि उक्त योजना में एक सप्ताह के अंदर पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति बहाल कर दिया जाएगा। प्रखंड–बेनीपुर में 15 दिनों से अधिक 41 मामले लंबित है। इस संबंध में कनीय अभियंता, प्रशाखा–बेनीपुर के द्वारा बताया गया कि ये शिकायतें छुटे हुए टोलों, पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान एवं लीकेज से संबंधित है। छुटे हुए टोलों में बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि उक्त शिकायतों का निष्पादन यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, दरभंगा / संबंधित सहायक अभियंता / संबंधित कनीय अभियंता।**

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतीपुर अंतर्गत 15 दिनों से अधिक दिनों से प्रखंड–सरैया में–98, पारू में–92, कुढ़नी में–66 एवं कांटी में–59 लंबित शिकायतें पाई गई। उक्त के संबंध में कनीय अभियंता, पारू के द्वारा बताया गया कि 36 शिकायतें पंप ऑपरेटर के भुगतान से संबंधित है, 15 शिकायतें विद्युत पोल लगाने, कतिपय शिकायतें नए बसावट को छुटे हुए टोलों में नहीं लिया गया है एवं अन्य शिकायतें पाईप लाईन लीकेज से संबंधित है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि पोल–तार से संबंधित ऐसे 15 मामले हैं जिस हेतु विद्युत विभाग से संपर्क किया गया है एवं उनके द्वारा बताया गया कि 10 दिनों में इस तरह के मामले को निष्पादन कर लिया जाएगा। कनीय अभियंता, कुढ़नी से संबंधित शिकायतों के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त शिकायतें पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान, निजी विवाद एवं पाईप लाईन बिछाने से संबंधित है। उक्त योजनाओं में पाईप लाईन बिछाने का कार्य 10 दिनों में कर लिया जाएगा। कनीय अभियंता, कांटी के द्वारा लंबित शिकायतों के संबंध में बताया गया कि ज्यादा शिकायतें पाईप लाईन बिछाने से संबंधित है जिसका कार्य प्रगति पर है। साथ ही संवेदक द्वारा कम मानव बल रखने के कारण संवेदक को डिबार भी किया गया है। साथ ही कनीय अभियंता, सरैया के द्वारा बताया गया कि लंबित शिकायतों को 15 दिनों में निष्पादन कर लिया जाएगा। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अगले 15 दिनों में सभी तरह के शिकायतों का निष्पादन कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, मोतीपुर / संबंधित सहायक अभियंता / संबंधित कनीय अभियंता।**

- लोक स्वस्थ्य प्रमंडल मोतीपुर के अंतर्गत प्रखंड–सरैया, पारू, कुढ़नी एवं कांटी के संबंधित कनीय अभियंता से पृच्छा की गई कि उनके द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत सभी योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी से संबंधित पंजी बनाया गया है या नहीं। इस संबंध में उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। विदित हो कि मार्च, 2025 से ही सभी अभियंताओं को निदेशित किया जाता रहा है कि अपने क्षेत्रांतर्गत योजनाओं का विस्तृत जांच कर योजनाओं से संबंधित अधिकतम जानकारी प्राप्त करें, परन्तु उक्त अभियंताओं

द्वारा इस संबंध में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं किया गया। उक्त के आलोक में मोतीपुर के संबंधित कनीय अभियंता से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कनीय अभियंताओं को निदेशित किया गया कि उक्त का सतत् अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैद्यिक सचिव।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर अंतर्गत प्रखंड–मुसहरी, कहरा एवं सकरा के कनीय अभियंताओं से योजनाओं के जांच संबंधित पंजी संधारण के संबंध में पृच्छा की गई। इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। उक्त के आलोक में संबंधित कनीय अभियंताओं से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कनीय अभियंताओं को निदेशित किया गया कि उक्त का सतत् अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैद्यिक सचिव।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत प्रखंड–हसनपुर में–57, विभूतिपुर में–12, बिथान में–8, रोसड़ा में–6 एवं सिंथिया में–6 लंबित शिकायतों की समीक्षा किया गया। लंबित शिकायतों के बारे में कनीय अभियंता से पृच्छा किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि विभुतिपुर में एक योजना में रोड चौड़ीकरण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया है एवं तीन योजनाओं को छुटे हुए टोलों में नहीं लिए जाने, के कारण शिकायतें लंबित है। कनीय अभियंता के द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत हसनपुर में 57 लंबित शिकायतों के संबंध में बताया गया कि 56 लंबित शिकायतें पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान से संबंधित है। उपर्युक्त शिकायतों के बारे में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई। उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह में सभी लंबित मामलों का निष्पादन कर लिया जाएगा। साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित शिकायतों को शीघ्र निराकरण के लिए जिला पदाधिकारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय कर भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, समस्तीपुर।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढाका की समीक्षा के क्रम में 18 शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान, 38 शिकायतों में अंतिम छोर पर कम दवाब के कारण सीधी जलापूर्ति नहीं होना एवं अन्य शिकायतों में रोड चौड़ीकरण के क्रम में पाईप लाईन का क्षतिग्रस्त होने से संबंधित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि उक्त मामलों को यथाशीघ्र निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, ढाका।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर में समीक्षा के क्रम में कार्यों की गुणवत्ता की जाँच करने हेतु नामित सहायक अभियंता (मु0) द्वारा बताया गया कि 15 शिकायतें नए गृह जल संयोजन से संबंधित है, जिसे छुटे हुए टोलों में नहीं लिया गया। रतनपुरा के वार्ड 06 में कम दवाब के कारण अंतिम घर तक जलापूर्ति नहीं हो पा रहा है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि उक्त छुटा हुए टोला में सुचारू रूप से जलापूर्ति बहाल करना सुनिश्चित करें।

**अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, हाजीपुर।**

**3. <u>योजनाओं की क्रियाशीलता:-</u>**

- ❖ समीक्षा के क्रम में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने क्षेत्रांतर्गत चल रहे योजनाओं की क्रियाशीलता से अवगत कराया गया। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर अंतर्गत 2238 योजनाओं में 11 योजनाएं वर्तमान में बंद बताई गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता से इस संबंध में पृच्छा किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि उक्त बंद योजना में 8 योजना को जनप्रतिनिधियों के द्वारा विवाद सुलझा लिया गया है एवं 15 दिनों में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। एक योजना सड़क चौड़ीकरण में पाईप लाईन कट जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। 01 योजना में निजी विवाद एवं 01 योजना पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित है। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 15 दिनों में सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। उक्त के आलोक में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर अंतर्गत नामित सहायक अभियंता (मु0) को उपर्युक्त रोड चौड़ीकरण के दौरान क्षतिग्रस्त पाईप लाईन बिछाने की आवश्यकता पर विस्तृत जांच प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**अनुपालनः— अधीक्षण अभियंता, अंचल मुजफ्फरपुर / कार्यपालक अभियंता, मुजफ्फरपुर / संबंधित सहायक अभियंता (मुख्यालय)।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतीपुर में 28 योजनाएं वर्तमान में बंद बताई गई। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 10 योजनाएं विद्युत त्रुटि, 01 योजना बांध की तरफ होने, 15 योजनाओं में मात्र बोरिंग है, 01 योजना में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त एवं 01 योजना में स्थल विवाद के कारण बंद है। अगले 15 दिनों में सभी योजनाओं को चालू कर जलापूर्ति बहाल कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः— कार्यपालक अभियंता, मोतीपुर।**

**4. <u>PHED/PRD- Left Out Totla Work Progres:-</u>**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा में 666 योजनाओं में 524 में बोरिंग का कार्य पूर्ण, 62 योजनाओं में स्थल विवाद एवं 12 योजनाएं बंद पाई गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि 15 दिनों में उक्त योजनओं को चालू कर जलापूर्ति बहाल कर लिया जाएगा। साथ ही कार्यपालक अभियंता द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि उपर्युक्त 524 योजनाओं को जिसमें बोरिंग का कार्य पूर्ण है, ऐसी 100 योजनाओं को अप्रैल माह में एवं 169 योजनाओं को मई माह में तथा शेष सभी योजनाओं को उसके जून माह तक चालू कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः— कार्यपालक अभियंता, दरभंगा।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 542 में 525 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 17 योजनाओ में सीधी जलापूर्ति किया जा रहा है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि माह मई में सभी योजनाओं को पूर्ण कर जलापूर्ति बहाल करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— कार्यपालक अभियंता, समस्तीपुर।**

5. **Deviation/Variation:-**

❖ समीक्षा के क्रम में सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि नए बसावटों में जलापूर्ति हेतु यथासंभव Deviation/Variation के माध्यम से कार्य पूर्ण कराए। यदि आवश्यकता हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत प्रस्ताव को यथाशीघ्र मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही इसकी प्रविष्टि MIS पर भी करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

6. अन्यान्यः–

❖ सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि जिन संवेदको द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा एवं ससमय कार्य के निष्पादन में लापरवाही बरती जा रही। ऐसे संवेदको को संविदात्मक दायित्व का निर्वहन नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा में विहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

**अनुपालनः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।**

❖ ऐसी योजनाएं जहाँ सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण के क्रम में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, इन योजनाओं में विभागीय संकल्प के आलोक में कार्य कराते हुए जलापूर्ति बहाल करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः– 14/वि०क०–1024/24–396 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/5
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि०क०–1024/24–396 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/5
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/पे०ज – 1024/24 – 396 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)